_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date- 03.07.2024 Class- V
Subject- Hindi Language Page- 1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - भाषा किरण
क्रिया

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। आज हम इस पाठ में क्रिया के बारे में पढ़ेंगे।

क्रिया की परिभाषा :- ऐसे शब्द जो हमें किसी काम के करने या होने का बोध कराते हैं, वे शब्द क्रिया कहलाते हैं। जैसे :- पढ़ना, लिखना, खाना, पीना, खेलना तथा सोना आदि।

क्रिया के उदाहरण

1. रवि दौड़ता है।
2. रमेश पुस्तक पढ़ता है।
3. वर्षा हो रही है।
4. मोहन गाना गाता है।

क्रिया के प्रकार :-

क्रिया के दो प्रकार होते हैं :- 1) सकर्मक क्रिया
2) अकर्मक क्रिया

1. अकर्मक क्रिया :- जिस क्रिया में कर्म की आवश्यकता नहीं होती, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date - 03.07.2024 Class - V
Subject - Hindi Language Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

जैसे :- 1. अनुराग हँसता है।
2. सोनिया सुबह - सुबह दौड़ रही है।
उपर्युक्त क्रियाओं में 'हँसता है' तथा 'दौड़ रही है' क्रियाओं का कोई कर्म नहीं है अर्थात् क्रिया का फल कर्ता पर ही पड़ रहा है।

2. सकर्मक क्रिया :- जिस क्रिया में कर्म की आवश्यकता पड़ती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे :-

1. अनुज पुस्तक पढ़ रहा है। (सकर्मक क्रिया, पुस्तक कर्म)
 पुस्तक → कर्म, पढ़ रहा है → क्रिया

2. अनिता गीत सुना रही है। (सकर्मक क्रिया, गीत कर्म)
 गीत → कर्म, सुना रही है → क्रिया

3. अमन गहरी नींद सोता है। (सकर्मक क्रिया, गहरी नींद कर्म)
 गहरी नींद → कर्म, सोता है → क्रिया

उपर्युक्त वाक्यों में क्रियाओं को पूरा अर्थ देने के लिए पुस्तक, गीत तथा गहरी नींद शब्दों (कर्म) की आवश्यकता पड़ रही है। अतः ये सकर्मक क्रियाएँ हैं।

* निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर उसका भेद / प्रकार लिखें।

1. शीला हँसती है।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date- 03.07.2024 Class- V
Subject- Hindi Language Page- 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

2. राहुल कविता लिख रहा है।

3. प्रदीप चिल्लाता है।

4. धोबी कपड़े धो रहा है।

5 प्रदीप खेलता है।

6. मोहन विद्यालय में पढ़ता है।

7. सीमा पत्र लिखती है।

8. राधा खाना बनाती है।

9. मीरा सोती है।

10. विकास पानी पीता है।

गृहकार्य :- ≐ विद्यार्थी क्रिया की परिभाषा एवं भेद अच्छे से पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

≐ विद्यार्थी इन क्रिया के वाक्यों को अपनी व्याकरण की उत्तर - पुस्तिका में लिखेंगे।

Last page.

Scanned with CamScanner